# आत्मनिर्भर भारत

(अप्पणिब्भर-भारदं)

ग्रन्थकार

अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी

जैनाचार्य श्री 108 वसुनंदी जी मुनिराज

प्रकाशक

श्री जम्बूस्वामी तपोस्थली

जन कल्याण संस्था (रजि.)

बोलखेड़ा (कामां) जिला भरतपुर-321022, टे. न. 09636028048

# आत्मनिर्भर भारत

( अप्पणिब्भर-भारदं )

ग्रन्थकार

जैनाचार्य श्री 108 वसुनंदी जी मुनिराज

संस्करण - प्रथम सन् 2020

मूल्य - 50/-

प्रतियाँ - 2000

मुद्रक

अलंकार ग्राफ्किस प्रा. लि.

ग्रेटर नोएडा ( उ.प्र. )

टे. नं. : 9811822023

# सम्पादकीय

आत्मनिर्भरता प्रत्येक काल, क्षेत्र व प्राणी के लिए सर्व सुखों का आधार प्राग्वैदिक काल से स्वीकार की गई है। अंतिम कुलकर महाराज नाभिराय व मरूदेवी के पुत्र, इस युग के प्रथम तीर्थंकर श्री ऋषभदेव भगवान् ने आर्यावर्त को आत्मनिर्भर बनाने के लिए असि, मसि, कृषि, विद्या, शिल्प व वाणिज्य की शिक्षा दी। इसके साथ-साथ उन्होंने अपनी पुत्री ब्राह्मी को लिपि विद्या व सुंदरी को अंक विद्या का ज्ञान कराया। आत्मनिर्भरता हेतु अपने ज्येष्ठ पुत्र भरत को राजनीति व अर्थव्यवस्था, बाहुबली को स्वदेश प्रेम, राष्ट्ररक्षा, साधु सेवा एवं स्वाभिमान की रक्षा की शिक्षा दी।

पुत्र विश्वकर्मा को वास्तुविद्या में निष्णात किया तथा अन्य-अन्य पुत्रों को सामान्य ज्ञान के साथ कोई न कोई विशेष विद्या इसीलिये प्रदान की जिससे वे आत्मनिर्भर होकर अपने देश का कुशलता से संचालन कर सकें एवं प्रजा का पुत्रवत् पालन किया जा सके। इसके उपरांत इस आर्यावर्त में षट्खंडाधिपति दिग्विजयी सम्राट-चक्रवर्ती आदि असंख्य राजा हुये जिन्होंने समय-समय पर अपने राज्य को आत्मनिर्भर करने के सूत्र प्रस्तुत किये।

कुरुवंश के त्रय चक्रवर्ती व तीर्थंकर श्री शांतिनाथ, श्री कुंथुनाथ, श्री अरनाथ जी, अयोध्या के राजा श्री राम, कुरुजांगल देश के महाराज शान्तनु एवं उग्रवंश के महाराज अश्वसेन आदि आत्मनिर्भर देश के प्रणेता रहे। भगवान् महावीर स्वामी के पूर्व तत्कालीन भारत की राजधानी काशी के अधिपति महाराज चेटक व्राज्य एवं वज्री संघ को एकत्रित करके गणतंत्र की स्थापना करते हुए पूरे देश का संचालन किया। अजातशत्रु, कलिंग चक्राधिपति सम्राट खारवेल, चंद्रगुप्तमौर्य, सम्राट अशोक, विक्रमादित्य, अमोघवर्ष इत्यादि अनेक राजा समय-समय पर अपने देश की वृद्धि एवं समृद्धि के लिये आत्मनिर्भर राष्ट्र का संदेश देते रहे।

आत्मनिर्भरता जहाँ योगी के लिये मोक्ष की कारक होती है वहीं सद्गृहस्थ के लिये धर्म, अर्थ व काम की प्रधान साधिका मानी गई है। आत्मनिर्भर भारत के लिये सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि प्रत्येक नागरिक निष्ठा के साथ अपने कर्त्तव्य का पालन करे, दूसरों के हितों की रक्षा भी उसी प्रकार करे जिस प्रकार वह परिवार की रक्षा करता है। देश सुरक्षित होगा तभी धर्म, संस्कृति, सभ्यता, सामाजिक रीति-रिवाज, पर्व-त्यौहार एवं सुख-शांति जीवित रह सकती है। जो देश आत्मनिर्भर नहीं हो पाते वे सबल देशों के द्वारा गुलाम बना लिए जाते हैं।

पराधीनता प्रत्येक क्षेत्र, काल में सर्वाधिक दु:खप्रद मानी गई है। कदाचित् पराधीनता के साथ कोई सुख भी दे तब भी वह सुख स्वाधीनता के दु:ख के पैरों तले दबी धूलि के बराबर है। स्वाधीनता का अभिमान प्रत्येक प्राणी का न केवल जन्मसिद्ध अधिकार है, उसका स्वभाव भी है। हमारी स्वाधीनता को तब तक कोई नहीं छीन सकता जब तक हम आत्मनिर्भर हैं। आत्मनिर्भरता के साथ किया गया प्राणों का विसर्जन भी सुगति का कारण माना जाता है।

देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिये कोई भी एक व्यक्ति तब तक समर्थ नहीं होता जब तक कि उसके समग्र सहयोगी निष्ठापूर्वक उसका साथ देने के लिये कृत संकल्पित न हों। शासक की समग्रता उसके मंत्री मंडल, परिषद, सेना, प्रजा, कोष, पुरोहित, व्यवसायी व महाजनादि से ही पूर्ण मानी जाती है। जिस प्रकार शरीर में आठ अंग होते हैं प्रत्येक अंग का महत्व अपनी-अपनी जगह है उसी प्रकार देश में प्रत्येक वर्ग का महत्व अपनी-अपनी जगह शत-प्रतिशत है। किसी गाड़ी में अनेक पाट्र्स होते हैं कदाचित् एक पार्ट भी कम हो जाये तो गाड़ी समीचीन रूप से गति करने में समर्थ नहीं हो पाती उसी प्रकार देश की किसी भी एक इकाई की उपेक्षा की जाती है तब देश की गति पंगु के समान दिखने लगती है। वृक्ष के सम्पूर्ण विकास के लिए वृक्ष का स्वयं की जड़ों पर आधारित होना अनिवार्य है। स्वाश्रित हुये बिना वह वृक्ष कोंपल, पल्लव, पत्र, पुष्प, फल, छाया, प्राणवायु आदि को देने में समर्थ नहीं होता।

प्रस्तुत ग्रंथ 'आत्मनिर्भर भारत' के लेखक परमपूज्य दिगम्बर जैनाचार्य अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी श्री वसुनंदी जी मुनिराज हैं, उन्होंने अपनी साधना के समय में से कुछ क्षण निकालकर स्वपर कल्याण की भावना से जो शब्दों का संयोजन किया है वह वर्तमान काल में प्रासंगिक तो है ही इसके साथ-साथ प्रत्येक वर्ग को प्रेरणा देने वाला भी है।

उनकी परिणाम पवित्रता, आध्यात्मिक संपदा, राष्ट्र के प्रति उदात्त चेतना, स्व-पर हितानुबंधी भावना ही मानो सद्विचार व साहित्यसृजन की प्रसव भूमि है। सागर का परिमाण कदाचित् संभव है, किन्तु जिनेन्द्रमुद्रांकित, आगमचक्षु, धर्मोपदेष्टा, सम्यक्चारित्र निष्ठ, स्वाध्याय परायण गुरुदेव के ज्ञान का परिमाण संभव नहीं है। जहाँ से योगी की आध्यात्मिकता का कथन करने वाले आध्यात्मिक ग्रंथ, जिनधर्म के मर्म व सूत्रों का व्याख्यान करने वाले सैद्धान्तिक ग्रंथ, करणीय व्यवहारों की संहिता स्वरूप चरणानुयोग ग्रंथ एवं देश-समाज- संस्कृति व सभ्यता के संरक्षण संवर्धन हेतु अनेक ग्रंथों का प्रणयन हुआ तो वहीं वास्तु-ज्योतिष, आयुर्वेद आदि विषयों पर अपनी कलम चलाकर गुरुवर श्री ने देश को अमूल्य नवनिधि प्रदान की।

राष्ट्र के प्रति जो निष्ठा भारत गौरव आचार्य श्री देशभूषण जी महाराज, दादागुरु आचार्य श्री विद्यानंद जी महाराज में परिलक्षित होती थी वही आज गुरुवर श्री में प्रतिबिम्बित होती है। राष्ट्र शांति महायज्ञ, आर्य संस्कृति, हमारा आर्यावर्त, आत्मनिर्भर भारत जैसा सद्साहित्य उस निष्ठा का ही प्रतिफल है।

इस ग्रंथ का मुखपृष्ठ श्रीमती संगीता जैन, नोएडा के द्वारा तैयार किया गया है एतदर्थ उन्हें व उनके परिवार को जिनशासन की सतत् प्रभावना हेतु सदैव पूज्य गुरुदेव का शुभाशीष। ग्रंथ 'आत्मनिर्भर भारत' का मुख पृष्ठ उन सूत्रों को दर्शा रहा है जिसके कारण भारत देश पूर्णतया आत्मनिर्भर बन सकता है। कृषि, शिल्पादि कला, स्वदेशी, उत्पादन, विभिन्न उद्योग, इन्डस्ट्रीज, शिक्षा, चिकित्सीय

व्यवस्थाएँ आदि एवं भारत का प्राणस्वरूप तथा आत्मनिर्भरता का मूलभूत तत्त्व आध्यात्मिकता को भारत के नक्शे के मध्य वीतरागी मुद्रा के माध्यम से दर्शाया गया है। एवं मानव के दोनों हाथ यहाँ पुरुषार्थ के प्रतीक हैं।

संभव है प्रस्तुत ग्रंथ 'आत्मनिर्भरभारत' का अध्ययन करके निष्पक्ष दृष्टि वाले सुधी पाठकगण निहित सूत्रों में से हंसवत् गुणग्राही दृष्टि बनाकर अच्छाईयों का संग्रहण, अनुपालन एवं प्रसारण करने में निमित्त बनेंगे। आचार्य महोदय ने ग्रंथ में आत्मनिर्भर रूप अपने इष्ट आराध्य को नमस्कार करते हुये अपनी बात को प्रारंभ किया है, मध्य में सभी वर्गों का महत्व दर्शाते हुये कर्त्तव्यपालन की शुभ प्रेरणा दी है एवं अंत में अपने गुरुजनों के प्रति विनम्रता का भाव प्रस्तुत करते हुये गौरवशाली परम्परा का स्मरण किया है। तथा वही गरिमापूर्ण कृति परोक्ष में अपने गुरुवर के हाथ देश के लिये समर्पित करायी है। अंत में ग्रंथकार ने अपनी लघुता व कृतज्ञता को प्रस्तुत करना भी विस्मृत नहीं किया है। हम आशा करते हैं पूर्व में ग्रंथकार द्वारा रचित प्रकाशित कृति की तरह सुधी पाठक इसका भी समादर करेंगे एवं यथेच्छ लाभ लेने का पुरुषार्थ करेंगें।

यद्यपि ग्रंथ संपादन का कार्य दुरुह कार्य माना जाता है क्योंकि संपादक का कर्त्तव्य ग्रंथकार के भावों को पाठक तक पहुँचाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। इस कार्य को सम्पन्न करने का यह हमारा लघु प्रयास है और यह प्रयास भी आचार्य गुरुवर की कृपा दृष्टि का ही प्रतिफल है। सुधी पाठकों से विनम्र निवेदन है यदि कोई यथोचित सुझाव आप आवश्यक समझते हैं तो विनम्रता पूर्वक प्रस्तुत करने की अनुकंपा करें।

''अलमति विस्तरेण।''

''सर्वेषां मंगलं भवतु''

धर्मो वर्द्धताम्

ॐ ह्रीं नमः

आर्यिका वर्धस्व नंदनी

# प्रस्तावकीय

तीर्थंकर महावीर के सिद्धांतों और वाङ्मय का अवधारण एवं संरक्षण उनके उत्तरवर्ती श्रमणों और उपासकों ने किया है। उन श्रमणों की परंपरा श्रुतधराचार्य, सारस्वताचार्य, प्रबुद्धाचार्य और परम्परा-पोषकाचार्य के रूप में प्राप्त है। अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी आचार्य वसुनंदी जी महाराज परम्परापोषकाचार्य के रूप में दिगम्बर परम्परा की रक्षा के लिये प्राचीन आचार्यों द्वारा निर्मित ग्रंथों के आधार पर एवं स्वयं के चिंतन से द्रव्य-क्षेत्र-काल और आज के मानव के भावों को दृष्टि में रखकर प्राकृत भाषा में महत्वपूर्ण ग्रंथों का प्रणयन कर रहे हैं। इससे दिगम्बर श्रमण परम्परा को गतिशील बनाये हुए हैं।

आज अनेक ग्रंथों का अनुवाद, संपादन और मौलिक लेखन करके जैन वाङ्मय की अनुपम सेवा करके महान कार्य कर रहे हैं। इधर शताधिक वर्षों से प्राकृत भाषा में ग्रंथों की रचना कम हो रही थी परंतु इस क्षेत्र में अनेक मुनियों, आचार्यों व मनीषियों द्वारा इस भाषा में धार्मिक, सामाजिक एवं नीतिपरक साहित्य सृजन हो रहा है।

विद्वज्जगत् को अत्यंत गौरव है कि श्वेतपिच्छाचार्य पूज्य आचार्य श्री विद्यानंद जी महाराज के प्रियाग्र शिष्य पूज्य आचार्य वसुनन्दी जी महाराज ने प्राकृत भाषा में समाज के सभी वर्गों को अत्यंत उपयोगी धार्मिक सामाजिक, नीतिपरक एवं देश को आत्म निर्भर कैसे और किन-किन साधनों के माध्यम बनाया जा सकता है, इसका समावेश नवीनकृति अप्पणिब्भर-भारदं (आत्मनिर्भर भारत) 96 शीर्षकों में विभक्त कर प्रणय की, जो प्राकृत वाङ्मय की श्री वृद्धि में अपूर्व महनीय योगदान है।

इसका सम्पादन पूज्य आर्यिका वर्धस्वनन्दनी माता जी ने किया है जो वैदुष्यपूर्ण सम्पादन निष्ठता को सिद्ध करता है। यह ग्रंथ प्राकृत भाषा में हैं परन्तु भाषाओं का अर्थ हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत भाषा में स्पष्ट किया है। अतः सम्पादक को उन भाषाओं का ज्ञान भी आपेक्षित होता है निश्चित रूप से माता जी का भाषात्मक ज्ञान भी अगाध है।

पूज्य आचार्य श्री ने प्राकृत भाषा में जो गाथायें निबद्ध की हैं, वे सूत्र रूप में हैं परंतु विषय का प्रतिपादन स्पष्ट हैं। यह 'आत्म निर्भर भारत' विषयक ग्रंथ प्राकृत भाषा में प्रथम ग्रंथ है जो सभी को गौरवान्वित करने वाला है और प्रत्येक वर्ग के व्यक्तित्व के लिए ग्राह्य है।

आचार्यश्री लिखते हैं कि अप्पणिब्भारत्तं वि परमधम्मो सव्व-जीवाणं' अर्थात् आत्म निर्भरता सभी जीवों का धर्म है इस गाथा को अंग्रेजी एवं सरल संस्कृत भाषा में भी समझाया गया है। देश आत्म निर्भर हो इस भावना के साथ आचार्य श्री ने ग्रंथ को लिखने का महान् पुरुषार्थ किया है। आप लिखते हैं कि जो जितनी अधिक वस्तु, धन, गृह आदि की आकांक्षा करता है और उनमें लीन होता है वह उतना ही पराधीन है योग्य शासक वही है जो अपने स्वाश्रितों को आत्म निर्भर बनाये। आपने आत्म निर्भर बनने के साधन एवं उपाय भी बतलाये हैं।

राजा का आचरण कैसा होना चाहिए बताते हुए लिखते हैं कि आचरण में राजा को स्वयं आत्म निर्भर होना चाहिए क्योंकि उसके आचरण को देखकर जनता भी आत्म निर्भर बनेगी। इस प्रकार आचार्य श्री ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अनेक नवीन चिंतन दिये हैं इस चिंतन को पढ़कर मैं स्वयं आश्चर्यचकित हूँ कि आचार्य श्री अहर्निश अभूतपूर्व चिंतन कर व्यक्ति, परिवार, समाज, देश का नया चिंतन निरंतर दे रहे हैं। यह ग्रंथ देश के प्रत्येक नागरिक को पढ़ना चाहिए

विशेष रूप से नेताओं को अवश्य पढ़ना चाहिए जिससे वर्तमान भारत आत्म निर्भर बने ये सूत्र जान सकें और सभी जीव सुखी हो सकें।

इस ग्रंथ को पढ़कर मेरा मन था कि इसके वैशिष्ट्य को विस्तार से बताऊँ परंतु माननीय प्रतिष्ठाचार्य पं. मनोज जी कोठिया ने कहा कि शीघ्र ही चाहिए अतः कालबधि को ध्यान में रखकर मैं इतना कहना चाहता हूँ कि इस लॉक डाउन के समय में लोग बेरोजगारी से परेशान हैं अतः इस ग्रंथ को मार्गदर्शक मानकर व्यक्ति कैसे आत्म निर्भर बनकर देश को आत्मनिर्भर बनाये इसमें यह ग्रंथ महान उपकारी सिद्ध होगा और आचार्य श्री का तो महान उपकार है ऐसी परिस्थिति में समयोचित कृति का प्रणयन किया यह ग्रंथ चार भाषाओं में होने से अधिक उपयोगी सिद्ध होगा।

मैं ऐसे महान नवीन चिंतक आचार्य श्री 108 वसुनन्दी जी महाराज के विद्वत्ता विभासक श्री चरणों में कोटिशः नमोस्तु करता हूँ और इस ग्रंथ की महान विदुषी सम्पादिका पूज्य 105 आर्यिका रत्न वर्धस्व नंदनी माताजी को त्रिबार वन्दामि करता हूँ। पूज्य माता जी इसी प्रकार जिनवाणी की अहर्निश सेवा करती रहे ऐसी मंगल भावना के साथ

**गुरुभक्त**

**डां. शीतलचन्द्र जैन**

**पूर्व प्राचार्य श्री दि. जैन आ.सं. महाविद्यालय, जयपुर**

# पुरोवाक्

डॉ. श्रेयांसकुमार जैन

अध्यक्ष अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैनइनस्त्रि-परिषद् आगम और आध्यात्म के वेत्ता शताधिक ग्रंथों के रचयिता तथा उपदेष्टा आचार्यप्रवर श्री वसुनन्दी महाराज ने प्राकृत भाषा में लोक कल्याण हेतु 'आत्मनिर्भर भारत' नामक प्रासंगिक कृति का सृजन कर राष्ट्र को समर्पित किया है। यह रचना वर्तमान की मांग है क्योंकि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का पुरजोर प्रयास भारत को आत्मनिर्भर बनाने का चल रहा है। उपयोग की प्रत्येक वस्तु का निर्माण भारत में ही हो जिससे रोजगार बढ़ेगा और बेरोजगारी समाप्त होगी। इसी उद्देश्य की पूर्ति करने में मार्गदर्शन की भूमिका का इस 'आत्मनिर्भर भारत' नाम की कृति से भी कार्य होगा। इसमें लोक के विज्ञाता आचार्य श्री वसुनन्दी जी ने प्रत्येक क्षेत्र में कार्य-उद्योग करने की शिक्षा प्रदान की है।

शिक्षा का अर्थ है मनुष्य की अन्तर्निहित शक्तियों को विकसित करके उसे अपने परिवेश से उचित समायोजन करने के अनुकूल बनाने वाली विद्यग विद्या प्राप्ति का तात्पर्य केवल पुस्तकीय ज्ञान से नहीं है, उसे अपने चारों ओर के वातावरण को भी आंख खोलकर देख लेना चाहिए जिससे उसके ज्ञान में विविधता और उसके अवलोकन में सूक्ष्मदर्शिता आ सके, उसे विद्या प्राप्ति में किसी भी प्रकार की जाति पाति का भेदभाव नहीं रखना चाहिए। विद्या प्रत्येक कार्यक्षेत्र में व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने में सहकारी होती है। विद्या-शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य कुशल सुशिक्षित सदाचारी व्यापारदक्ष स्वार्थत्यागी और कर्तव्य परायण बनाना है। स्वावलम्बी बनकर ही राष्ट्र के समुन्नयन में योगदान किया जा सकता है। व्यवसाय उद्योग स्वालम्बी होना चाहिए। व्यसाय-उद्योग के बिना राष्ट्र अधूरा है।

कृतिकार की प्रेरणा है कि न भाषा न शिक्षा न व्यवसाय के लिए परावलम्बी बनो अपितु सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनो इसी से स्वयं का विकास है और राष्ट्र का भी विकास है।

ग्रन्थ लेखक आचार्यवर्य श्री वसुनन्दी महाराज कृति में अपनी भावना व्यक्त करते हुए लिखते हैं–

**अप्पणिब्भरो जो कोवि सो सुह-हेदू अप्पसंतुट्ठो।**
**अप्पणिब्भरो देसो होज्ज कंखेमि सुहभावे हि॥**

जो कोई भी आत्मनिर्भर होता है, वह आत्म संतुष्ट व स्व-पर सुख का हेतु होता है। देश आत्मनिर्भर हो शुभ भावनाओं से युक्त हो ऐसी आकांक्षा करता हूँ।

ग्रन्थकार अपनी भावना व्यक्ति करने के साथ ग्रन्थ लेखन के उद्देश्य को स्पष्ट किया है।

**सुहं संती समिद्धी वड्ढेदु सक्कला सक्किदी सया।**
**वोच्छामि सवरहिदाय अप्पणिब्भरभारदगंथं॥**

देश में सुख शांति व समृद्धि हो। सत्कला व संस्कृति का वर्द्धन हो। अत: स्व-पर हित के लिए मैं (आचार्य वसुनन्दी) आत्मनिर्भर नामक ग्रन्थ को कहता हूँ।

ग्रन्थ की विषय वस्तु को देखकर अत्यधिक प्रसन्नता है कि ग्रन्थ में आत्मनिर्भरता के लिए अनेक उपाय दर्शाये गये हैं। आत्मनिर्भरता को परमधर्म स्वीकार कर सभी क्षेत्रों में और सभी कालों में आत्म-निर्भर होने की प्रेरणा प्रदान की गई है।

आत्म निर्भर ही सुखों का भोक्ता होता है। ग्रन्थ में कहा भी है–

**सुगिहत्थो होज्ज अप्पणिब्भरो किंचिवि सजण-णिब्भरो य।**
**जो सो हु जेत्तिय-अप्प-णिब्भरो तेत्तिय-सुहभोत्तू॥**

अच्छे समीचीन गृहस्थ को आत्मनिर्भर होना चाहिए। किञ्चित् स्वजनों पर भी। जो जितना अधिक आत्मनिर्भर होता है, वह उतना अधिक सुख का भोक्ता होता है।

आत्मनिर्भरता से स्वयं का तो विकास होता है, साथ ही राष्ट्र के विकास में भी सहयोग मिलता है। राष्ट्रीय विकास जन समाज को भटकाव से बचाता है। अनादिकाल से आत्मनिर्भर की शिक्षा ऋषियों, मुनियों, शिक्षकों ने दी है। शिक्षक साहित्यकार की भूमिका आत्मविकास के लिए भी मानी गई है। समाज और शासन को अनुशासित करने की भूमिका में भी वेद, पुराण, उपनिषद् आदि का बहुत बड़ा योगदान है उनमें दर्शाया गया है कि समाज कुप्रवृत्तियों से बचकर वस्तु निर्माण में प्रवृत्ति करे जिससे कार्यक्षमता बढ़ती है और आत्मनिर्भरता आती है।

जैन शासन में तो आत्मनिर्भरता की बात को बताने के लिए भगवान् श्री आदिनाथ ने छः प्रकार के कर्मों की व्यवस्था को समझाकर कर्मभूमि का उपदेश दिया था जैसा कि आदिपुराण में कहा भी गया है—असि मसि, कृषि, वाणिज्य, शिल्प, विद्या–षट् शिक्षाएँ है। वहीं बताया गया कि विद्या मनुष्यों को यश, कल्याण, धन आदि प्रदान करती है। यह कामधेनु और चिन्तामणि रत्न है। यही धर्म, अर्थ तथा कामरूप फल से सहित सम्पदाओं को उत्पन्न करती है। विद्या ही मनुष्यों का बन्धु है। विद्या ही मित्र है। विद्या ही आत्म कल्याण करने वाली है। विद्या ही साथ जाने वाला धन है और विद्या धन ही समस्त प्रयोजनों को सिद्ध करता है।

इसीलिए कृतिकार द्वारा कहा गया है कि प्रत्येक काल में मंत्र तंत्रादि विद्या सुखवर्द्धक होती है। अंकों के द्वारा त्रिकालवर्ती वस्तुओं को जानने के लिए अंक विद्या विशिष्ट है। जिन वचनों के अनुसार अंकों में सर्व ज्ञान विद्यमान है। संसार में विद्यमान प्रत्येक वस्तु यथायोग्य प्रभाव छोड़ती है व ग्रहण करती है अतः वास्तुविद्या उपादेय है। इस प्रकार आचार्य श्री जिनसेन का अनुसरण करते हुए पुराण साहित्य के विशिष्टता अध्येता आचार्य श्री विद्या को आत्मनिर्भरता का प्रमुख कारण बताते हैं। विविध विद्याएँ लोक में विद्यमान हैं उन विद्याओं का आश्रय लेकर ही आचार्य श्री वसुनन्दी जी महाराज ने आत्मनिर्भर

बनने के लिए धनार्जन करने की प्रेरणा प्रदान की है। उनका मानना है कि मानव समाज में निर्धनता एक अभिशाप है। जब तक समाज में विषमता रहेगी शांति नहीं होगी और जब तक सम्पत्ति एवं सुख-साधनों का कुछ लोगों के हाथों में एकाधिकार है, तब तक विषमता रहेगी, शांति नहीं रहेगी। विश्व-शांति एवं सुख-समृद्धि के लिए यह एकाधिकार समाप्त होना चाहिए। समाज हित के लिए अपनी आवश्यकता से अधिक संग्रह नहीं करना ही तो अपरिग्रहवाद है। जो धन आदि के संग्रह में अधिक संलिप्त रहता है वही परिग्रहाकांक्षी पराधीन होता है। ग्रन्थकार पराधीन व्यक्ति का वर्णन करते हुए कहते हैं–

**जो कंखदे जावइय-अहियवत्थूणि धण-गिह-जीवा वा।**
**तेसु होदि संलीणो तावइयो परायत्तो सो॥**

जो जितनी अधिक वस्तु, धन, गृह अथवा जीवों की आकांक्षा करता है, उनमें लीन होता है, वह उतना ही अधिक पराधीन होता है। स्वाश्रितों को आत्मनिर्भर बनाना चाहिए। केवल धन का सहयोग करना उचित नहीं है क्योंकि केवल धन का सहयोग उन्हें सुख शांति नहीं दे सकता। सुख-शांति के लिए कार्य-कुशल बनाना अवाश्यक है। तभी वह आत्म निर्भर बन सकते हैं। वे क्षेत्रानुसार कार्य करके आत्मनिर्भर बन सकते हैं। विविध कलाओं में दक्ष ज्ञान-विज्ञान में पारङ्गत आचार्य श्रीवसुनन्दी महाराज ने इस 'आत्मनिर्भर भारत' नामक ग्रंथ में कृषि से पाषाण से पारस्ठ प्राप्ति की कला सिखलायी है वे कहते हैं कि पाषाण बहुल क्षेत्र में जहाँ पहाड़ गुफा आदि होती हैं, जहाँ पानी का अभाव है जिस क्षेत्र में कृषि कार्य नहीं हो सकता उस क्षेत्र में निवास करने वालों को पाषाण के भवन, मंदिर, स्तूप, मूर्ति, मानस्तम्भ, चित्रकारियों, शिलालेख आदि के माध्यम से धनार्जन करना चाहिए और आत्मनिर्भर बनना चाहिए।

इसी प्रकार उन्होंने लकड़ी के खिलौने और मूर्तियाँ आदि बनाने की प्रेरणा प्रदान की है। वे देश की समृद्धि के लिए लिखते हैं–

**जस्सिं खेत्तम्मि बहुल-कट्ठाणि तम्मि णिम्माणेज्ज सया।**
**कट्ठस्स उवयरणं हु सुह-समिद्धीण सग-देसस्स॥**

जिस क्षेत्र में बहुत काष्ठ अर्थात् लकड़ियाँ हो अपने देश की सुख समृद्धि के लिए वहाँ काष्ठ के उपकरणों का निर्माण करना चाहिए।

आत्मनिर्भर बनने के लिए ग्रन्थकार पाषाण के उपकरण निर्माण की प्रेरणा देते हुए मूर्ति निर्माण की कला को भी आत्मनिर्भर बनने के लिए निमित्त बताते हैं–

**णाणाविह-खिल्लणाणि णिम्माणेज्जा बहुविह मुत्तीओ।**

नाना प्रकार के खिलौनों, बहुत प्रकार की मूर्तियों का निर्माण करना चाहिए। गृह भवन प्रकृति के दृश्य सदा स्व-पर सुख का कारण होते हैं।

विविध कलाओं के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने की शिक्षा इस 'आत्मनिर्भर भारत' नाम की कृति में बताकर अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी प्रज्ञा-प्रतिमा के धनी आचार्य श्री वसुनन्दी महाराज ने मनाव समाज का बहुत बड़ा उपकार किया है। वे नाना विद्याओं में निपुण है। शिष्यों के अनुग्रह में भी दक्ष है। विविध भाषाओं के ज्ञाता हैं यही हेतु है कि उन्होंने प्राकृत भाषा में अनेक कृतियों का सृजन किया है। उनके द्वारा प्राकृत भाषा में ही लिखी यह आत्मनिर्भर कृति लोक में आत्मनिर्भरता की शिक्षा प्रदान कर समाज और शासन के लिए दिशा दर्शन देगी।

# अनुक्रमणिका


| क्र० | विषय | पृष्ठ सं. | क्र० | विषय | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मंगलाचरण | 1 | 18. | क्षेत्रानुकूल कार्य | 18 |
| 2. | सिद्ध वंदना | 2 | 19. | पाषाणक्षेत्रानुकूल कर्म | 19 |
| 3. | जिनागम स्तुति | 3 | 20. | शिलालेख | 20 |
| 4. | ग्रंथोद्देश्य | 4 | 21. | पाषाणाद्योपकरण निर्यात | 21 |
| 5. | आत्मनिर्भरता परमधर्म | 5 | 22. | विभिन्नोपकरण निर्माण | 22 |
| 6. | मेरी भावना | 6 | 23. | मूर्ति निर्माण | 23 |
| 7. | भावी परमात्मा | 7 | 24. | काष्ठोपकरण निर्माण | 24 |
| 8. | भोगी व योगी | 8 | 25 | क्षेत्रानुकूल कृषि | 25 |
| 9. | पापिष्ठ व धर्मी | 9 | 26 | पशुपालन | 26 |
| 10. | आत्मनिर्भर ही सुखभोक्ता | 10 | 27 | धातुओं का उपयोग | 27 |
| 11. | पराधीन कौन? | 11 | 28. | वातावरणानुकूल कृषि | 28 |
| 12. | स्वाश्रितों को बनाएँ आत्मनिर्भर | 12 | 29. | शुभ प्रेरणा | 29 |
| | | | 30. | विद्या का सदुपयोग | 30 |
| 13. | संघर्ष से हर्ष | 13 | 31. | अंकविद्या | 31 |
| 14. | अनुभव ही महानिधि | 14 | 32. | वास्तु विद्या | 32 |
| 15. | अनुभव से श्रेष्ठता | 15 | 33. | महत्त्वपूर्ण वास्तुकला | 33 |
| 16. | योग्य स्वामी | 16 | 34. | सुविद्या का फल | 34 |
| 17. | अयोग्य शासक | 17 | 35. | यथा कारण तथा कार्य | 35 |

| क्र० | विषय | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 36. | विश्वशांति कारक | 36 |
| 37. | प्रकृति संयोजन ही धर्म | 37 |
| 38. | कर्त्तव्यपालन महाधर्म | 38 |
| 39. | राजधर्म | 39 |
| 40. | आचरण का प्रभाव | 40 |
| 41. | लघु उद्योग | 41 |
| 42. | स्वजन वृद्धि ही स्ववृद्धि | 42 |
| 43. | उभयभ्रष्ट | 43 |
| 44. | मातृभूमि घातक | 44 |
| 45. | देश सुरक्षित तो सब सुरक्षित | 45 |
| 46. | देशरक्षा | 46 |
| 47. | सहयोगी भी आवश्यक | 47 |
| 48. | महापुरुष वृत्ति | 48 |
| 49. | मर्यादित शासक | 49 |
| 50. | आत्मनिर्भरता हेतु कर्तव्यपालन | 50 |
| 51. | आत्मनिर्भरता | 51 |
| 52. | परतंत्रता-दु:खजननी | 52 |
| 53. | स्वतंत्रता का दु:ख भी श्रेष्ठ | 53 |
| 54. | विरोध नहीं सहयोग | 54 |
| 55. | श्रेष्ठ क्षेत्र | 55 |
| 56. | सेवा धर्म | 56 |
| 57. | पवित्रता सुख हेतु | 57 |
| 58. | नि:स्वार्थ शिक्षा | 58 |
| 59. | देश का मेरुदंड | 59 |
| 60. | व्यापार से समृद्धि | 60 |
| 61. | व्यवसाय का महत्त्व | 61 |
| 62. | व्यवसाय-सुखकारक | 62 |
| 63. | राजकीय व्यवस्थापक | 63 |
| 64. | उचित ब्याज | 64 |
| 65. | आवश्यक धन वितरण | 65 |
| 66. | धन द्वारा समाज समृद्ध | 66 |
| 67. | अति-इति: द्वयघातक | 67 |
| 68. | आत्मनिर्भरता कब? | 68 |
| 69. | अपरिग्रह | 69 |
| 70. | स्वदेशी वस्तु | 70 |
| 71. | उत्पादन विधि | 71 |
| 72. | सर्वहितार्थ वस्तु निर्माण | 72 |
| 73. | उत्तम, मध्यम व जघन्य नर | 73 |
| 74. | दान | 74 |

| क्र० | विषय | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 75. | सहयोग क्रम | 75 |
| 76. | संयुक्त परिवार | 76 |
| 77. | शक्तिवर्द्धन | 77 |
| 78. | अधिकार हनन-पाप | 78 |
| 79. | स्वानपेक्षी | 79 |
| 80. | धर्मी कौन? | 80 |
| 81. | धर्म का प्रभाव | 81 |
| 82. | प्रकृति प्रकोप कहाँ? | 82 |
| 83. | जीएँ व जीने दें | 83 |
| 84. | मादक पदार्थ घातक | 84 |
| 85. | कारण व कार्य पवित्र | 85 |
| 86. | पवित्र भी अपवित्र | 86 |
| 87. | निर्दोष साधनों से महान् कार्य | 87 |
| 88. | असमर्थ साधन | 88 |
| 89. | विपरीत कारण | 89 |
| 90. | जैसी करनी वैसी भरनी | 90 |
| 91. | यथा तथा | 91 |
| 92. | सर्व हित भावना | 92 |
| 93. | हित कारक | 93 |
| 94. | संयम | 94 |
| 95. | संयम का महत्त्व | 95 |
| 96. | दुःख जननी व सुख जनक | 96 |
| 97. | पाप मूल | 97 |
| 98. | आसक्ति ही मूर्च्छा | 98 |
| 99. | दुर्भाव प्रक्षालक जल | 99 |
| 100. | वात्सल्य | 100 |
| 101. | भाव प्रभाव | 101 |
| 102. | दुष्ट में भी सज्जनता संभव | 102 |
| 103. | वस्तुओं का संस्कार | 103 |
| 104. | आत्मशांति बीज | 104 |
| 105. | दुःख हेतु | 105 |
| 106. | स्पर्धा | 106 |
| 107. | उत्साह व स्वास्थ्य कारक | 107 |
| 108. | गुणों से चयन | 108 |
| 109. | संस्कारविहीन कुलीन भी निंद्य | 109 |
| 110. | गुणों से पूज्यता | 110 |
| 111. | परोपकारी | 111 |

| क्र० | विषय | पृष्ठ सं. | क्र० | विषय | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 112. | विनयशील | 112 | 127. | अज्ञान का फल | 127 |
| 113. | नृपस्वभाव | 113 | 128. | उत्तमवर्गीय जन | 128 |
| 114. | हित वारक | 114 | 129. | मध्यमवर्गीय जन | 129 |
| 115. | सज्जन स्वभाव | 115 | 130. | जघन्यवर्गीय जन | 130 |
| 116 | प्रकृति भी सहयोगी | 116 | 131. | प्रत्येक वर्ग अति महत्त्वपूर्ण | 131 |
| 117. | अनधिकारी | 117 | 132. | आत्मानुशासित | 132 |
| 118. | पापी नहीं, पाप त्याज्य | 118 | 133. | स्वाश्रित सदा सम्मानीय | 133 |
| 119. | आत्मनिर्भर भारत का सृजन | 119 | 134. | आत्मनिर्भर ही समृद्ध | 135 |
| 120. | क्षमापात्र | 120 | 135. | आधार विहीन | 136 |
| 121. | अहिंसा अत्यावश्यक | 121 | 136. | सुदृढ़ आधार | 137 |
| 122. | अन्याय | 122 | 137. | समायोजक शासक | 138 |
| 123. | दोषी कौन? | 123 | 138. | ग्रंथकार की लघुता | 139 |
| 124. | प्रकृति न्यायधर्मा | 124 | 139. | अंतिम मंगलाचरण | 140 |
| 125. | कर्त्तव्य पालन | 125 | 140. | प्रशस्ति | 143 |
| 126. | करणीय | 126 | | | |

॥ॐ॥

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

प्रधान कार्यालय – डॉ. हेडगेवार भवन, महाल नागपुर

दूरभाष: (0712) 2723003, 2720150 फैक्स नं. 2721589, Email-sachivalay@hedgewarbhavanngp.in

पौष कृ. 13, युगाब्द 5122 — दिनांक – 09 फरवरी, 2021

दिल्ली

आदरणीय संजय जी,

सादर नमस्कार

आप सभी सानन्द, स्वस्थ, कुशल होंगे।

आपके द्वारा दिनांक 21-12-2020 को भेजा गया पत्र तथा पुस्तक की पाण्डुलिपि प्राप्त हुई।

'आत्मनिर्भर भारत' पुस्तक के लेखन द्वारा श्रद्धेय आचार्य श्री 108 वसुनंदी जी मुनिराज महाराज जी ने एक अत्यन्त समयोचित कार्य सम्पन्न किया है।

आत्मनिर्भर होने के लिए स्वयं की आत्मा को जानना समझना अनिवार्य है। उसी ज्ञान के प्रकाश में होनेवाले विकास को तथा उसमें स्व-निर्भरता को आत्मनिर्भरता कहा जायेगा। विश्व में प्रचलित मान्यताओं को प्रमाण मानकर खड़ा करने की होड़ में लग जाना तो मात्र अंधानुकरण तथा परतन्त्र मानसिक दासता का ही कारक बनेगा।

भारत की आत्मा आध्यात्मिकता है। आध्यात्मिकता पर आधारित स्वधर्म तथा सांस्कृतिक परम्परा सनातन काल से भारत का विश्व को सुपरिचित रूप है। उस आधार पर दृढ़ रह कर ही भारत स्वतंत्र व समर्थ होता आया है। इसलिए आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में लगे सभी को आध्यात्मिकता के सूत्र से भारत की स्व-निर्भरता एकात्मता व सामर्थ्य को पुष्ट करने वाला जीवनपथ ग्रहण करना पड़ेगा।

भारत में वर्तमान में विद्यमान आध्यात्मिक आचार्यों में एक आचार्य श्री 108 वसुनंदी जी मुनिराज महाराज जी ने उस जीवन पथ को अपने वाङ्मय में प्रवाहित कर वर्तमान समय की महती आवश्यकता को पूर्ण किया है। उनके श्रीचरणों में कृतज्ञता पूर्वक प्रणाम।

ग्रंथ के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रकाशन में लगे सभी को अनेक शुभकामनाएँ।

भवदीय

मोहन भागवत



राष्ट्रसंत आचार्यदेव श्री पद्मसागरसूरीश्वरजी म.सा. के

**श्री वर्धमानसागरसूरीश्वरजी म.सा.**

यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई की आ. श्री वसुनंदिजी ने "आत्मनिर्भर भारत" नामक कृति का सृजन प्राकृत भाषा के साथ अंग्रेजी अनुवाद सहित कीया है.

दुनिया को संस्कार और संस्कृति का दिशा निर्देश देने का कार्य हमेशा से भारत करता आया है. शांति और सद्भाव का उपदेश भारत के कण-कण मे समाहीत है। यह भूमि पर तर्क का नहीं श्रद्धा का बीजारोपण होता है.

दुनिया भौतिकता और सुविधावाद मे फंसी है, Dependent और Independent के नारे जरूर लगाती है परन्तु इसका मतलब नहीं जानते. अन्यो पर आधारित जीवन शैली आत्मविकास के अवरोध का प्रथम सोपान है, आत्मनिर्भर जीवन शैली स्व-पर के उत्थान का कल्याणकारी मार्ग है. जब-जब भी देश, धर्म और समाज ने आत्मनिर्भरता के कदम उठाये है, तब आने वाली पीढीयों के लिए एक आदर्श जरूर प्रस्तुत हुआ है. ऐसा ही एक आदर्श आचार्य श्री वसुनंदिजी ने जंबुस्वामी तपोस्थली जन कल्याण संस्था के माध्यम से प्रकाशित करने का बड़ा भारी कार्य कीया है. आपका यह प्रकाशन जीवन मे प्रकाश फैलाने वाला बने, आत्मनिर्भरता का प्रशस्त मार्ग प्रसारीत करने वाला बने.

ऐसा ही संत और ग्रंथ का सुंदर संयोजन प्रजा के पंथ को निष्कंटक बनायेगा यही मंगल शुभकामना

आचार्य श्री पद्मसागरसूरिजी
का शिष्य
वर्धमानसागरसूरी

राजनाथ सिंह
RAJNATH SINGH

रक्षा मंत्री
भारत
DEFENCE MINISTER
INDIA

दिनांक 11.01.2021

## संदेश

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हुई है कि **श्री जम्बूस्वामी तपोस्थली जन कल्याण संस्था, भरतपुर (राजस्थान)** द्वारा दिगम्बर जैन सम्प्रदाय के आचार्य **श्री वसुनन्दी जी मुनिराज** द्वारा लिखित **'आत्मनिर्भर भारत'** नामक कृति प्राकृत भाषा में **प्रकाशित** की **जा** रही है।

आज प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है जिसके लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं भी चलाई जा रही है। मुझे विश्वास है कि आचार्य श्री की यह कृति 'आत्मनिर्भर भारत' बनाने के संकल्प के बारे में देशवासियों को जागरूक करने की दिशा में सहायक सिद्ध होगी।

मैं आचार्य श्री वसुनन्दी जी को उनकी कृति 'आत्मनिर्भर भारत' के लिए हार्दिक शुभेच्छा प्रेषित **करता** हूं तथा पुस्तक के सफल प्रकाशन की कामना करता हूं।

शुभकामनाओं सहित।

राजनाथ सिंह

Office : Room No. 104, Ministry of Defence, South Block, New Delhi-110011
Tel. : +91 11 23012285, +91 11 23019000, Fax : +91 11 23019403
E-mail : rm@mod.nic.in

नितिन गडकरी
NITIN GADKARI

मंत्री
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग;
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम
भारत सरकार
Minister
Road Transport and Highways;
Micro, Small and Medium Enterprises
Government of India

## संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि दिगम्बर जैन सम्प्रदाय के आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज जी ने **'आत्मनिर्भर भारत'** नामक लघुकाय कृति का सृजन प्राकृत भाषा में किया है।

भारतीय संस्कृति पुरातनकाल से प्राणिमात्र के सुख-शांति की सृजक व संरक्षक रही है। आत्मनिर्भरता भी धर्म का एक सम्बल रूप है। किसी भी देश की समुन्नति, समृद्धि एवं बहुमुखी विकास के लिए इस प्रकार की सोच महत्वपूर्ण भूमिका प्रस्तुत करती है। राष्ट्र के सम्यक समुन्नयन में जितनी महत्वपूर्ण भूमिका शासक की होती है उतनी ही भूमिका स्वपर कल्याण में रत साधु संतों की भी होती है।

मैं आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज जी एवं श्री जम्बूस्वामी तपोस्थली जन कल्याण संस्था के सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई देता हूं।

**'आत्मनिर्भर भारत'** पुस्तक के सफल प्रकाशन हेतु हार्दिक शुभकामनाओं सहित।

(नितिन गडकरी)

**दिनांक:** 21 दिसम्बर, 2020
**स्थान:** नई दिल्ली

Room No. 921, Transport Bhawan, 1, Parliament Marg, New Delhi – 110 001, Tel.: (RTH) 011-23710121, 23711262 (O), 23719023 (F),
Room No. 169, Udyog Bhawan, Rafi Marg, New Delhi – 110 011, Tel.: (MSME) 011-23061666, 23061739 (O), 23063141 (F),
E-mail: nitin.gadkari@nic.in; website: www.morth.nic.in / https://msme.gov.in

रमेश पोखरियाल 'निशंक'
*Ramesh Pokhriyal 'Nishank'*

शिक्षा मंत्री
भारत सरकार
MINISTER OF EDUCATION
GOVERNMENT OF INDIA

## संदेश

मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता है कि दिगम्बर जैन सम्प्रदाय के आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज जी ने 'आत्मनिर्भर भारत' नामक श्रेष्ठ कृति का सृजन प्राकृत भाषा में किया।

भारतीय संस्कृति मूलतः 'धर्म' द्वारा निर्देशित है। 'धर्म' के भारतीय परिप्रेक्ष्य के सन्दर्भ में महर्षि व्यास का कथन है – "धारणात् धर्म इत्याहु" अर्थात धर्म वह है जिसे धारण किया जाता है। समाज में रहते हुए व्यक्ति जीवन के प्रति स्वयं के व्यक्तित्व में जिन मानवीय गुणों को धारण करता है, वही धर्म है। धर्म को सदैव व्यापक अर्थ में स्वीकार करना चाहिए क्योंकि यह मानवता के प्रति व्यक्तिगत और सामाजिक, नैतिक तथा आध्यात्मिक, सांसारिक तथा पारलौकिक सभी कार्यों में विभिन्न कर्तव्यों के पालन में निहित होता है। धर्म को धारण कर व्यक्ति का अस्तित्व एवं व्यक्तित्व दोनों पूर्ण हो जाते हैं। धर्म जीवन के प्रति सर्वव्यापक, सर्वदेशीय और सर्वकालिक दृष्टिकोण बनाता है इसीलिए राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने भी मानव जीवन के लिए धर्म को एक महान शक्ति बताया और कहा- "धर्म वह शक्ति है जो व्यक्ति को बड़े-बड़े संकटों में भी ईमानदार बनाये रखती है और यह इस संसार में दुखी व्यक्ति की आशा का अन्तिम सहारा है।"

आत्मबल व्यक्ति के मनोबल को सशक्त बनाकर उसे आत्मनिर्भर बनाता है। कोरोना जैसी वैश्विक आपदा के समय भी इसी आत्मबल ने व्यक्ति को उत्साह प्रदान किया है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'आत्मनिर्भर भारत' का उद्घोष राष्ट्र की समुन्नति, समृद्धि और बहुमुखी विकास के लिए किया है। राष्ट्र निर्माण के इस महती कार्य में हमारे मनीषियों और आचार्यों की भूमिका स्तुत्य है। 'आत्मनिर्भर भारत' नामक प्राकृत भाषा में मूलतः रचित तथा संस्कृत, हिन्दी व अंग्रेजी भाषा में अनुदित यह ग्रन्थ निःसंदेह 'आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

(रमेश पोखरियाल 'निशंक')

सबको शिक्षा, अच्छी शिक्षा

Room No. 3, 'C' Wing, 3rd Floor, Shastri Bhawan, New Delhi-110 115
Phone : 91-11-23782387, 23782698 Fax : 91-11-23382365
E-mail : minister.hrd@gov.in

थावरचन्द गेहलोत
THAAWARCHAND GEHLOT
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री
भारत सरकार
MINISTER OF
SOCIAL JUSTICE AND EMPOWERMENT
GOVERNMENT OF INDIA

कार्यालय : 202, सी विंग, शास्त्री भवन,
नई दिल्ली-110115
Office : 202, 'C' Wing, Shastri Bhawan,
New Delhi-110115

## संदेश

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि श्री जम्बूस्वामी जन कल्याण संस्था बोलखेड़ा, कामां, भरतपुर, राजस्थान के सानिध्य में "आत्म निर्भर भारत" नामक शीर्षक एक "लघुकाय" पुस्तक का प्रकाशन किया जा रहा है, जिसमें दिगम्बर जैन संप्रदाय के आदरणीय आचार्य वसुनंदी जी महाराज ने प्राकृत भाषा में लेखन किया है ।

विदित है कि प्रत्येक देश का अपना एक साहित्य होता है, जिसका देश के सर्वांगीण विकास में उतना ही महत्वपूर्ण स्थान होता है, जितना कि कमल आदि पुष्पों के विकास में, सूर्य के प्रकाश का ।

मुझे उम्मीद है कि भारत सरकार के उदघोषित अभियान में यह "लघुकाय" पुस्तक भी सहयोगी सिद्ध होगी । मैं इस पुस्तक के सफलतम प्रकाशन के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ ।

(थावरचंद गेहलोत)

LIEUTENANT GOVERNOR
JAMMU & KASHMIR

RAJ BHAVAN
SRINAGAR-190001

## संदेश

श्री जंबूस्वामी जन कल्याण संस्था, बोलखेड़ा, कामां, भरतपुर, राजस्थान के सानिध्य में 'आत्म निर्भर भारत' शीर्षक की लघुकाय पुस्तक का प्रकाशन अत्यंत हर्ष का विषय है। सबसे उल्लेखनीय बात यह है कि इस पुस्तक में दिगम्बर जैन संप्रदाय के आदरणीय आचार्य वसुनंदी जी महाराज ने प्राकृत भाषा में लेखन कर आशीर्वाद प्रदान किया है।

देश के सर्वांगीण विकास में आत्म निर्भर भारत सिर्फ एक नारा नहीं है, बल्कि एक जिम्मेदारी है जिसे प्रत्येक सजग नागरिक को पूरी श्रद्धा एवं तन्मयता से निभाना है। और, चूंकि पुस्तकें हमारे समाज और देश में हो रहे क्रांतिकारी बदलाव को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम है, इसलिए मैं इसे एक सराहनीय प्रयास मानता हूँ।

मैं प्रस्तुत पुस्तक की सफलता के लिए पूर्णरूपेण आश्वस्त हूँ कि यह रचना लोगों द्वारा अवश्य सराही जाएगी। साथ ही भविष्य के लिए श्री जंबूस्वामी जन कल्याण संस्था को शुभकामनाएँ देता हूँ।

मनोज सिन्हा

( मनोज सिन्हा)

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
दिल्ली सचिवालय, आई.पी. एस्टेट,
नई दिल्ली-110002

दिनांक 01-01-2021

## संदेश

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हुई कि दिगम्बर जैन सम्प्रदाय के आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज द्वारा **'आत्मनिर्भर भारत'** नामक कृति का सृजन मूलभाषा प्राकृत में किया गया है।

यह जानकर और भी प्रसन्नता हुई कि यह कृति संस्कृत, हिंदी व अंग्रेजी भाषा में अनुवादित है। आशा है कृति, राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में लोगों के लिए सार्थक सिद्ध होगी।

मैं संस्था द्वारा समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए किए जाने वाले प्रयासों की सफलता की कामना करता हूँ और 'कृति' की सफलता के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ भेजता हूँ।

(अरविन्द केजरीवाल)

सत्यमेव जयते

राम निवास गोयल
Ram Niwas Goel

अध्यक्ष, दिल्ली विधान सभा
Speaker, Delhi Vidhan Sabha

पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054
दूरभाष : 23890140, 23890150
फैक्स : 23890375
Old Secretariat, Delhi - 110054
Tel. : 23890140, 23890150
Fax : 23890375

पत्रसंख्या-1(1)/अवि/2020/ 654

दिनांक : 29 दिसंबर, 2020

## संदेश

यह अत्यंत प्रसन्नता एवं गौरव की बात है कि दिगम्बर जैन समुदाय के आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज द्वारा प्राकृत भाषा में सृजित की गई 'आत्मनिर्भर भारत' नामक कृति का प्रकाशन किया जा रहा है, जिसका संस्कृत, हिंदी एवं अंग्रेजी भाषाओं में भी अनुवाद किया गया है।

भारतीय संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति है, जो कि पुरातन काल से इसी धरा के युग-वासियों की सृजक, संवर्धक एवं पोषक रही है। इसकी सहिष्णु प्रकृति ने ही इसे दीर्घ आयु एवं स्थायित्व प्रदान किया है और साथ ही इसे जीवन-पद्धति की संज्ञा भी दी गई है जहाँ अलग-अलग धर्मों एवं परंपराओं के लोग रहते हैं।

निःसंदेह, राष्ट्र के उत्थान एवं कल्याण में साधु-संतों की एक अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जिनका मार्गदर्शन समय-समय पर तत्कालीन शासकों को प्राप्त होता रहा है और यह अत्यंत गर्व एवं सम्मान की बात है कि इसी परिप्रेक्ष्य में आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज द्वारा 'आत्मनिर्भर भारत' नामक कृति का सृजन किया गया है।

मैं इस प्रकाशन की सफलता हेतु हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

हार्दिक शुभकामनाओं सहित,

भवदीय

(राम निवास गोयल)
29/12/2020

श्री संजय कुमार जैन,
संरक्षक,
श्री वसुनन्दी ज्योतिषाचार्य
जन कल्याण संस्था (रजि.),
बीसलपुर (कामां), भरतपुर, राजस्थान।

MANISH SISODIA
मनीष सिसोदिया

DEPUTY CHIEF MINISTER
GOVT. OF NCT OF DELHI
उप मुख्यमंत्री, दिल्ली सरकार
DELHI SECTT. I.P. ESTATE,
दिल्ली सचिवालय, आईन्दिपूर्वा,
NEW DELHI-110002
नई दिल्ली–110002
Email: [illegible]

D.O. No. [illegible]
Date: 25/11/2020

**संदेश**

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि श्री जंबूस्वामी तपोस्थली जन कल्याण संस्था बोलखेड़ा, कामां, भरतपुर, राजस्थान के सानिध्य में "आत्म निर्भर भारत" नामक शीर्षक एक "लघुकाय" पुस्तक का प्रकाशन किया जा रहा है, जिसमें दिगम्बर जैन संप्रदाय के आदरणीय आचार्य वसुनंदी जी महाराज ने प्राकृत भाषा में लेखन किया है।

मुझे उम्मीद है यह पुस्तक भारत के साहित्य प्रेमियों एवं समस्त देशवासियों के लिए विशेष उपयोगी सिद्ध होगी। इस अवसर में अपनी शुभकामनाऐं प्रेषित करता हूं।

मनीष सिसोदिया

अनिल विज

अ॰शा॰ पत्र क्र॰ 992

गृह, शहरी स्थानीय निकाय, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान, आयुष, तकनीकी शिक्षा एवं विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री, हरियाणा, चण्डीगढ़।

दिनांक : 05/01/2021

## संदेश

मुझे यह जानकर अति प्रसन्नता हुई है कि दिगम्बर जैन सम्प्रदाय के आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज जी ने **'आत्मनिर्भर भारत'** नामक लघुकाय कृति का सृजन प्राकृत भाषा में किया है ।

भारतीय संस्कृति पुरावैदिक काल से ऋषिराज के शुद्ध शांति की पूजक व संवाहक रही है । आत्मनिर्भरता भी धर्म का एक सम्यक रूप है । किसी भी देश की समुन्नति, समृद्धि एवं बहुमुखी विकास के लिए इस प्रकार की सोच महत्वपूर्ण भूमिका प्रस्तुत करती है । राष्ट्र के समग्र समुन्नयन में जितनी महत्वपूर्ण भूमिका शासक की होती है, उतनी ही भूमिका स्वपर कल्याण में रत साधु संतों की भी होती है ।

मुझे उम्मीद है कि भारत सरकार के उद्घोषित अभियान में यह **'लघुकाय'** पुस्तक भी सहयोगी सिद्ध होगी । मैं इस पुस्तक के सफलतम प्रकाशन के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

(अनिल विज)

**DR. ANIL JAIN**
Member of Parliament
(Rajya Sabha)

Residence : D-344, I-B Lane,
Anupam Garden, Sainik Farm,
South Delhi-110068
Mobile : 9810121907
Tel. : 011-29536776
E-mail : aniljain.dr@gmail.com

AJO/388/2020

Date :-05/01/2021

# Message

It is a great pleasure to know that under the aegis of Shri JAMBU SWAMI JAN KALYAN SANASTHA, BOL KHEDA, KAMAAN, Bharatpur, Rajasthan, a book called "ATAMNIRBHAR BHARAT" is being published, which has been written in Prakrit language by venerable Sh. Acharya Vasunandi Ji of Digambar Jain community. Acharya Shree Ji ko Naman.

Every attempt in scholarship and literary pursuits occupy a stellar place in a nation's building and intellectual aggrandisement of its population. It is like a veritable elixir of life for all the living beings.

I believe that this book will be immense contributory value in contributing to intellectual traction to the Government of India's clarion call of "ATAMNIRBHAR BHARAT".

My best wishes for the publications of this book.

Dr. Anil Jain
Member of Parliament
Rajya Sabha

Chief Whip
Aam Aadmi Party, Rajya Sabha
Member :
- Parliamentary Standing Committee on Commerce, Rajya Sabha
- Committee on Papers Laid on the Table, Rajya Sabha
- Committee of Parliament on Official Language
- Consultative Committee for the Ministry of Labour & Employment, Govt. of India

Ref. No. MP/RS/12/1023

सुशील कुमार गुप्ता
Sushil Kumar Gupta
संसद सदस्य (राज्य सभा)
Member of Parliament
(Rajya Sabha)

मुख्य सचेतक
आम आदमी पार्टी, राज्यसभा
सदस्य :
- [illegible]
- [illegible]
- [illegible]
- [illegible]

Dated: 18/12/2023

## शुभकामना संदेश

प्रिय श्री आर सी गर्ग जैन जी,

मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि दिगंबर जैन संप्रदाय के आचार्य श्री वसुनंदी जी मुनिराज जी के द्वारा भारतीय संस्कृति पर आधारित "आत्मनिर्भर भारत" नामक लघुकाय कृति का सर्जन किया है। पूरे विश्व में भारत अपनी संस्कृति और परंपरा के लिये प्रसिद्ध देश है। ये विभिन्न संस्कृति और परम्परा की भूमि है। इस कृति के माध्यम से आचार्य जी ने धर्म व कर्म के साथ अहिंसा और दया की भावना भी जगायी है। यह रचना अवश्य ही समाज में समृद्धि एवं सर्वांगीण विकास में एक सुयोग्य प्रतिनिधि की तरह सहायक सिद्ध होगी तथा सामाजिक व धार्मिक भावनाएं सर्व समाज में अवश्य ही एक विशेष स्थान प्राप्त करेगी। इस लघु कृति का सृजन मूलभाषा प्राकृत के साथ संस्कृत, हिंदी व अंग्रेजी में अनुवादित किया जा रहा है, जिससे देश के हर नागरिकों को समझ आ सके। देश के विकास में जैन समाज की बहुत अहम भागीदारी है तथा आत्मनिर्भर भारत की लघु कृति से भारतीयों नागरिकों में दया और सद्भाव के निर्माण की क्षमता विकसित होने की प्रेरणा मिलेगी।

आपके द्वारा प्रकाशित यह रचना भारतीय नागरिकों के लिए मार्गदर्शक बने यही मेरी अभिलाषा तथा शुभकामनाएं हैं।

शुभकामनाओं सहित,

(डॉ० सुशील गुप्ता)

श्री आर सी गर्ग जैन
अध्यक्ष
श्री जम्बूस्वामी तपोस्थली जन कल्याण संस्था (रजि०)
बोलखेड़ा (कामां)
भरतपुर, राजस्थान

Camp Office : 18, Feroz Shah Road, New Delhi - 110001, Phone: 011-[illegible]
Residence : [illegible], East Punjabi Bagh, New Delhi-110026, Phone: 011-[illegible]
E-mail : [illegible]@sansad.nic.in, [illegible]@gmail.com

**रमेश बिधूड़ी**
संसद सदस्य
दक्षिण दिल्ली (लोक सभा)
सभापति:
पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस संबंधी स्थायी समिति
सदस्य:
अन्य पिछड़ा वर्ग संबंधी समिति,
[illegible] संबंधी राष्ट्रीय बोर्ड
सह-प्रभारी, भारतीय जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश

कार्यालय : कमरा सं. 115, 'बी'-ब्लॉक,
नई संसदीय सौध विस्तार,
दिल्ली-110 001
दूरभाष : 011-23410232, 23035761
टेलीफैक्स : 011-23410253


दि. 26 सितंबर, 2020

# शुभकामना संदेश

जो देश जितने अधिक आत्मनिर्भर हैं उतने ही अधिक विकासशील सुखद व समृद्ध माने जाते हैं भारत आत्मनिर्भर बने और विश्व के सन्मुख आदर्श देश व गुरु देश के रूप में स्वीकार किया जाए , इसके लिए प्रत्येक भारतीय नागरिक को आत्मनिर्भरता का जीवन जीना चाहिए और विदेशी वस्तुओं की पराधीनता से मुक्त होना चाहिए दिगंबर जैन संप्रदाय के श्रेष्ठ व आदर्श आचार्य वसुनंदी जी महाराज ने पुरातन प्राकृत भाषा में आत्मनिर्भर भारत ग्रंथ का लेखन किया है भारत सरकार के द्वारा उदघोषित अभियान में यह पुस्तक भी सहयोगी सिद्ध होगी।

इस पुस्तक के सफलतम प्रकाशन के लिए श्री जंबू स्वामी जन कल्याण संस्था बोलखेड़ा,कामा ,भरतपुर, राजस्थान को शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं और श्रेष्ठ विचारों के संयोजक एवं विराट व्यक्तित्व के धनी पूज्य दिगंबराचार्य संत श्री वसुनंदी जी के चरणों में सविनय नमोस्तु प्रस्तुत करता हूं



(रमेश बिधूड़ी)

निवास: 179 तुगलक हाउस, गांव तुगलकाबाद, नई दिल्ली-110 044, दूरभाष: 011-26054499 फैक्स: 011-29965888
48, लोधी एस्टेट, नई दिल्ली-110003, दूरभाष: 011-24654499, 24611650
ई-मेल: rameshbidhuri@yahoo.in

**GAUTAM GAMBHIR**
Member of Parliament
Lok Sabha
East Delhi

सत्यमेव जयते

Member
Parliamentary Standing Committee
on Urban Development

Ref. MP/ED/GG-3591/MSG

Date 08/10/2020

## सन्देश

अति प्रसन्नता का विषय है कि आत्मनिर्भर निर्भर भारत के उद्देश्य हेतु आपके द्वारा "आत्मनिर्भर" शीर्षक से एक ग्रंथ का प्रणयन किया गया है।

यह ग्रंथ अपने उद्देश्य की पूर्ति करे व ग्रंथ के प्रकाशन पर सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को मेरी तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं।

भविष्य में भी आत्मनिर्भता के उद्देश्य से आप अनेक जनहित व समाजहित में निरन्तर इसी प्रकार कार्य करते रहे ऐसी आशा है।

धन्यवाद

गौतम गंभीर

2, Jagriti Enclave, Main Vikas Marg, Delhi - 110092
Tel. 011-22140150, 43619405 E-mail : mpofficeeastdelhi@gmail.com

**अनिल फिरोजिया**
सांसद (लोकसभा)
उज्जैन-आलोट संसदीय क्षेत्र

निवास : 5, [illegible], उज्जैन
मो. 8120003009
Email : ujjainmp22@gmail.com

क्रमांक

दिनांक 21/12/2020

**- संदेश -**

हर्ष का विषय है कि श्री जंबूस्वामी जनकल्याण संस्था बोलखेड़ा, भरतपुर राजस्थान के सानिध्य में **"आत्म निर्भर भारत"** पुस्तक का प्रकाशन किया जा रहा है, जिसे दिगम्बर जैन संप्रदाय के पूज्य आचार्य वसुनंदी जी महाराज ने प्राकृत भाषा में लिपिबद्ध किया है, प्रत्येक देश की अपनी संस्कृति एवं साहित्य होता है जो देश एवं समाज विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन करता है।

**"आत्म निर्भर भारत"** शीर्षक की यह **"लघुकाय"** पुस्तिका समस्त पाठकों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी, पुस्तिका प्रकाशन के अवसर पर आप सभी को मेरी शुभ मंगलकामनाएं।

अनिल फिरोजिया

ZAKIR KHAN
CHAIRMAN

ਦਿੱਲੀ ਘੱਟ ਗਿਣਤੀ ਕਮਿਸ਼ਨ
दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग دہلی اقلیتی کمیشن
DELHI MINORITIES COMMISSION
GOVERNMENT OF NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI
C-BLOCK, 1st FLOOR, VIKAS BHAWAN, NEW DELHI-110002
Phone : 23370829
E-mail : [illegible]
Website : [illegible]

# संदेश

मैंने अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी आचार्य श्री 108 वसुनंदी जी मुनिराज के द्वारा रचित **"आत्मनिर्भर भारत"** नामक पुस्तक का अध्ययन किया जिसके उपरांत मुझे आभास हुआ कि आचार्य जी भारत की संप्रभुता एवं इसकी संस्कृति से कितना अधिक प्रेम करते हैं। उन्होंने इस पुस्तक में भारतवासियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए भिन्न-भिन्न प्रकार की युक्तियों का वर्णन किया है। उन्होंने इस पुस्तक में लिखा है कि जो मनुष्य आत्मनिर्भर नहीं है वह पराधीन हो जाता है। हमारी स्वाधीनता को तब तक कोई नहीं छीन सकता जब तक हम आत्मनिर्भर हैं। स्वाधीनता के बिना सभी प्रकार के सुख व सम्पत्ति निरर्थक है। निःसंदेह यह पुस्तक पाठकों के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगी।

मैं आचार्य श्री 108 वसुनंदी जी मुनिराज को उनके इस अद्भुत कार्य के लिए बधाई देता हूं।

(जाकिर खान)
**अध्यक्ष, दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग**

आतिफ रशीद
उपाध्यक्ष
ATIF RASHEED
Vice-Chairman

भारत सरकार
Government of India
राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग
National Commission For Minorities

Dated: 01 /03/21

This is my pleasure to write about the book **"AATAMNIRBHAR BHARAT" authored by Jain Aacharya Shri. Vasunandi Ji Muniraaj.**

I would like give many congratulations to respected Jain Aacharya Shri Vasunandi ji muniraj. Aatamnirbhar ideology is also a direction of any religion it's very essential for all round development for community.

This book gives a strong inspiration to become self-reliant or aatamnirbhar.

My warm greetings and good wishes!

Yours sincerely,

**(Atif Rasheed)**

Shri. Pratham Mittal Jain Ji,
Advocate & Global Lawyer,
Supreme Court of India

Office Add.:- कक्ष संख्या 301, ब्लॉक–3, (तीसरी मंजिल), सी जी ओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003
Room No. 301, Block-3, (3rd Floor), CGo Complex, Lodhi Road, New Delhi-110003
दूरभाष / Tel.: 011-24363641, फैक्स / Fax: 011-24363301, 24366410, Mob.: 8899424848 (Personal)
Email: atif.rasheed@nic.in, atifrasheed1995@gmail.com, Website: www.ncm.nic.in
Residence Add.: 194/27, St. No. 5, Ghaffar Manzil, Jamia Nagar, Okhla, New Delhi-110025

सचिन पायलट
विधायक-टोंक

निवास :
11, सिविल लाईन्स, जयपुर।
फोन : 0141-2220000
[illegible]

दिनांक : 25-12-2020

## संदेश

मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई है कि दिगम्बर जैन सम्प्रदाय के आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज द्वारा 'आत्मनिर्भर भारत' नामक लघुकाय कृति का मूलभाषा प्राकृत में सृजन किया गया है। साथ ही इस कृति को संस्कृत, हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में अनुवादित भी किया गया है।

मैं इस अवसर पर आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज को उनकी उक्त रचना के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए पुस्तक के सफल प्रकाशन की कामना करता हूँ।

शुभकामनाओं सहित,

सद्भावी

( सचिन पायलट )

**श्री संजय कुमार जैन,**
संरक्षक, श्री जम्बूस्वामी तपोस्थली
जन कल्याण संस्था,
बोलखेड़ा (कामां), जिला भरतपुर।

दूरभाष: 011-23063522
011-23019080
वेबसाइट : www.inc.in

# अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी

**देवेन्द्र यादव**
प्रभारी : उत्तराखण्ड
स्थायी सदस्य कांग्रेस कार्यसमिति

24, अकबर रोड,
नई दिल्ली-110011

17 सितम्बर, 2020

## सन्देश

यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हुई कि दिगम्बर जैन के आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज 'आत्मनिर्भर भारत' नामक लघुकाय कृति का प्रकाशन करने जा रहे हैं। सदियों से हमारे देश में सन्तों, मुनियों तथा ऋषियों का, राष्ट्र के बहुमुखी विकास के लिए बहुत योगदान रहा है। तत्कालीन राजाओं और शासकों को उनके राज्यों को पूर्ण विकसित करने तथा प्रजा को सुखी रखने के लिए अनेकों महत्वपूर्ण सुझाव देते रहते थे। आज की परिस्थिति में भी हमारे देश को ऐसे महत्वपूर्ण सुझावों एवं मार्गदर्शन की नितान्त आवश्यकता है। मैं आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज के इस महत्वपूर्ण प्रयास के लिए उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उनका हार्दिक धन्यवाद करता हूं।

मैं 'आत्मनिर्भर भारत' नामक लघुकाय कृति के प्रकाशक मण्डल के सभी सदस्यों को इस के सफल प्रकाशन हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

(देवेन्द्र यादव)

**श्री आर० सी० शर्मा,**
**अध्यक्ष,**
**श्री जम्बूस्वामी तपोस्थली जनकल्याण संस्था (पंजी०)**
**बोलखेड़ा (कामां)**
**जिला–भरतपुर (राज०)**

आवास : 301, कोहाट एन्क्लेव, पीतमपुरा, दिल्ली-110034, दूरभाष : 011-45783698, 9213666471
ई-मेल : devendrayadavoffice@gmail.com

Scanned with CamScanner

दूरभाष: 23792376, 23019080
एक्स. : 456
ई-मेल : officesrsurjewala@gmail.com
वेबसाईट : www.inc.in

# अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी

रणदीप सिंह सुरजेवाला
महासचिव

24, अकबर रोड,
नई दिल्ली-110011

दिसम्बर, 2020

## शुभकामना संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि दिगम्बर जैन सम्प्रदाय के आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज द्वारा "श्री जम्बूस्वामी तपोस्थली जन कल्याण संस्था (पंजीकृत)", बौलखेड़ा (कामां), जिला भरतपुर (राजस्थान) के तत्वाधान में **'आत्मनिर्भर भारत'** नामक लघुकाय कृति का सृजन मूलभाषा प्राकृत में किया गया है, साथ ही संस्कृत, हिन्दी व अंग्रेजी भाषा में अनुवादित भी है।

मेरी ओर से **'आत्मनिर्भर भारत'** कृति के सफल प्रकाशन हेतु हार्दिक शुभकामनायें स्वीकार करें।

(रणदीप सिंह **सुरजेवाला**)

**श्री संजय कुमार जैन,**
संरक्षक, "श्री जम्बूस्वामी तपोस्थली जन कल्याण संस्था (पंजीकृत)",
बौलखेड़ा (कामां), जिला भरतपुर
(राजस्थान)

Phone : 011-23018277
011-23019080
Website : www.inc.in

# ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE

**KULJIT SINGH NAGRA, MLA**
In-charge, Nagaland, Sikkim & Tripura
Permanent Member-CWC

24, AKBAR ROAD
NEW DELHI-110 011

17 दिसम्बर, 2020

## सन्देश

मुनिराज जी को कोटि कोटि नमन, यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हुई कि दिगम्बर जैन के आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज 'आत्मनिर्भर भारत' नामक लघुकाय कृति का प्रकाशन करने जा रहे हैं। सदियों से हमारे देश में सन्तों, मुनियों तथा ज्ञानियों का, राज्य के बहुमुखी विकास के लिए बहुत योगदान रहा है। तत्कालीन राजाओं और शासकों को उनके राज्यों को पूर्ण विकसित करने तथा प्रजा को सुखी रखने के लिए अनेकों महत्वपूर्ण सुझाव देते रहते थे। आज की परिस्थिति में भी हमारे देश को ऐसे महत्वपूर्ण सुझावों एवं मार्गदर्शन की नितान्त आवश्यकता है। मैं आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज के इस महत्वपूर्ण प्रयास के लिए उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उनका हार्दिक धन्यवाद करता हूं।

मैं 'आत्मनिर्भर भारत' नामक लघुकाय कृति के प्रकाशक मण्डल के सभी सदस्यों को कृत के सफल प्रकाशन हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

शुभकामनाओं सहित,

K.S. Nagra

(कुलजीत सिंह नागरा)

श्री आर० सी० गर्ग,
अध्यक्ष
श्री जम्बूस्वामी तपोस्थली जनकल्याण संस्था (पंजी०)
बोलखेड़ा (कामां)
जिला–भरतपुर (राज०)

**Resi.** : H. No. 397, Phase-3A, Mohali, Chandigarh-160055 Mob. : 09888000020
E-mail : officeksnagra@gmail.com, Website : www.kuljitnagra.com

# बहुजन समाज पार्टी

## दिल्ली प्रदेश

केन्द्रीय कार्यालय :
4, गुरुद्वारा रकाबगंज रोड,
नई दिल्ली -110001
फोन : 011-[illegible],
फैक्स : [illegible]

प्रान्तीय कार्यालय :
[illegible]
[illegible]
नई दिल्ली-[illegible]
फोन : 011-[illegible]

क्रमांक :

दिनांक : 19-01-2021

संदेश

भारतीय संस्कृति पुरावैदिक काल से प्राणीमात्र के सुख–शांति के सृजक व संवर्द्धक रही है। प्रारंभ में षट्कर्मोपदेश व अहिंसा, करुणा का उपदेश दिया। आत्मनिर्भरता भी धर्म का एक सम्यक रूप है। किसी भी देश की समुन्नति, समृद्धि एवं बहुमुखी विकास के लिए इस प्रकार की सोच महत्वपूर्ण भूमिका प्रस्तुत करती है। राष्ट्र आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक, व्यावसायिक आदि सर्वावस्थाओंमें स्वाधीन हो, इस प्रकार की प्राणी मात्र के प्रति हितकारिणी भावना से प्रेरित होकर वर्तमानकालीन भारत सरकार ने 'भारत आत्मनिर्भर बने' इस प्रकार का उद्घोष किया है।

राष्ट्र के सम्यक संतुलन में जितनी भूमिका स्वपर कल्याण में रत साधु संतों की भी होती है। प्रत्येक काल में देश की सुरक्षा व संवर्द्धन में निर्ग्रन्थ गुरुओं का निर्देशन तत्कालीन शासकों को प्राप्त हो रहा है। इसी दृष्टि से दिगम्बर जैन सम्प्रदाय के आर्चा श्री वसुनन्दी जी मुनिराज ने 'आत्मनिर्भर भारत' नामक लघुकाय कृति का सृजन मूलभाषा प्राकृत में किया है व साथ ही संस्कृत, हिंदी व अंग्रेजी भाषा में अनुवादित है।

यह कृति भारतीय सुधी नागरिकों के हाथों तक पहुंचे तथा वे राष्ट्र के सर्वांगिण विकास में सहयोगी बन सकें। अतः कृति के कुशल प्रकाशन व राष्ट्र हित के लिए आपसे निवेदन है कि अपनी शुभकांक्षाएं प्रेषित कर हमें कृतार्थ करें।

19.1.21

अध्यक्ष

Tarak Singh
Member, [illegible] B.A.-D
Sewerage & Drainage (Including
Drainage Pumping Station),
SC (Mechanical), [illegible]
Councillor, Ward No. - 118

THE KOLKATA MUNICIPAL CORPORATION
Central Municipal Office
5, S. N. Banerjee Road • Kolkata - 700 013
Office Ph.: [illegible]
[illegible]
email: [illegible]

Ref. No. : ..............  Date: [illegible]

Message

It gives me great pleasure to know that under the aegis of Shri Jambu Swami Jain Kalyan Sanstha Bol Kheda, Kamaan, Bharatpur, Rajasthan a booklet called '[illegible]' is being published, which has been written in Sanskrit language by venerable Acharya Vasunandi Ji of Digambar Jain community.

Every attempt in scholarship and literary pursuit occupy a stellar place in a nation's building and intellectual aggrandisement of its population. It is like a veritable elixir of life for the living beings.

I am personal conviction that this book will be immense contributory value in contributing to intellectual traction to the Government of India's clarion called [illegible].

My best wishes for the publication of this booklet.

TARAK SINGH
Member, Board of Administrators
Kolkata Municipal Corporation

Resi.: [illegible], Jyotish Roy Rd. • Kolkata-700 053 • ☎: [illegible]

M. சந்திரபிரபா B.Sc., D.P.T., M.A., M.L.A.
[illegible]
விருதுநகர் மாவட்டம்
செல் : 93841 87842, 96558 58203

[illegible]
விருதுநகர் மாவட்டம் - 626 [illegible]

நாள் 30/12/[illegible]

